माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

क्रमांकः माशिबो / गोप / 2021 / 2397-2399 दिनांक 10.06.2021

समस्त शाला प्रधान,

....

विषय– बोर्ड परीक्षा 2021 के नियमित परीक्षार्थियों के सत्रांक भिजवाने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि कोविड–19 महामारी की दूसरी लहर (Second Wave) को दृष्टिगत रखते हुए बोर्ड की कक्षा 10 व 12 स्तर की परीक्षाऐं निरस्त कर दी गई हैं। बोर्ड द्वारा इन परीक्षाओं के परीक्षार्थियों का परिणाम तैयार किया जाना है। इस क्रम में कक्षा 10 व 12 के परीक्षार्थियों की नामावली (Nominal-Roll) बोर्ड की वेबसाईट पर जारी कर दी गई है तथा **संशोधित नामावली** दिनांक 20.06.2021 को बोर्ड वेबसाईट पर उपलब्ध करवा दी जायेगी। ऑनलाईन सत्रांक भरने हेतु दिनांक 21.06.2021 को साईट खोल दी जावेगी। अतः सभी शाला प्रधानों से अनुरोध है कि वे उनके विद्यालय के परीक्षार्थियों के विषयवार सत्रांक दिनांक 21.06.2021 से 28.06.2021 के मध्य ऑनलाईन भर कर भिजवावें तथा दिनांक 21.06.2021 से पूर्व ऑनलाईन सत्रांक भिजवाने संबंधित तैयारी पूर्ण कर ली जावे। सत्रांक समय पर नहीं भिजवाये जाने से परीक्षार्थियों के परिणाम में विलम्ब का समस्त दायित्व शाला प्रधान का होगा।

भवदीय,

उप निदेशक (गोपनीय)

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक मुख्यालय, ...।
2. ए.सी.पी. (उप निदेशक) बोर्ड वेबसाईट पर जारी करने हेतु।

उप निदेशक (गोपनीय)

- PBX Tel. : 0145-2632870 to 2632873
- Web site- www. rajeduboard.nic.in
- Fax : 0145-2420429
- Dir. (Conf.) 2421891
- Dy. Dir. (Conf.) 2632225
- Conf. E-mail : bserconf2018@gmail.com